## खबर संक्षेप

### नाबालिग बच्चे की मौत पर 11 दिन बाद खदान संचालक जैन ब्रदर्स पर एफआईआर दर्ज

**मैहर।** बदेरा थाना अंतर्गत बीते 19 अक्टूबर को भटूरा में स्थित हुकुमचंद जैन की खदान में काम करने के दौरान नाबालिग चंदेश (अनिकेत) सिंह गोड़ की पोकलेन मशीन के पानी में पलटने से डूबकर मौत हो गई थी। इस मामले को दबाने की कोशिशों के बावजूद,लंबी जांच और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद,अंततः खदान संचालक ऋषभ जैन और उनके पार्टनर पर क्षेत्रीय थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इसके अलावा,हुकुमचंद पर युवराज सिंह गौड़ की लगभग 10 से 12 एकड़ जमीन पर कब्जा कर अवैध खुदाई करने का मामला भी सामने आया है।

### एकादशी और मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना

**मैहर।** मां शारदा की नगरी मैहर के समीपस्थ ग्राम डेल्हा में शनिवार को देव प्रबोधिनी एकादशी और मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गाँव के प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,और ग्रामीणों ने दिन की शुरुआत भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना से की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण हुआ,जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शाम को पूरे गांव को दीपों की रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम का आयोजन डेल्हा सरपंच अभिषेक जायसवाल द्वारा किया गया।

### संकल्प के निःशुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीज शामिल,40 का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

**मैहर।** नगर की संस्था संकल्प सामाजिक उत्थान समिति द्वारा लगातार 15 वर्षों से सदगुरु सेवा संस्थान चित्रकूट के सहयोग से घंटाघर चौक स्थित विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय मैहर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों नेत्र रोगी अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे और परामर्श प्राप्त किया। इसमें लगभग 40 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चुने गए,जिन्हें ऑपरेशन के लिए बस द्वारा निःशुल्क सदगुरु सेवा संस्थान चित्रकूट भेजा गया। शिविर के दौरान जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे और ड्रॉप भी वितरित किए गए।

### असामयिक वर्षा से हुई फसलों की क्षति का सर्वे प्रारंभ

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले में 29 और 31 अक्टूबर को हुई असामयिक वर्षा से हुई फसल क्षति का सर्वेक्षण कार्य कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कराये जाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये थे। जिसके परिपालन में एसडीएम रामपुर बघेलान आरएन खरे और एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने तत्काल टीमें गठित कर फसल क्षति का आंकलन कार्य शुरू कर दिया है। एसडीएम ने तहसीलदार के साथ स्वयं किसानों के खेतों में जाकर नुकसानी का जायजा लिया। कलेक्टर ने तहसीलदार रघुराजनगर,कोठी,उचेहरा,नागौद,मझगवां,बिरसिंहपुर,रामपुर बघेलान और कोटर का संयुक्त सर्वे टीम द्वारा सर्वेक्षण कराकर अविलम्ब फसल क्षति की जानकारी भेजने के निर्देश दिये है।

### बारिश से प्रभावित किसानों की फसल का शीघ्र सर्वे करवाकर मुआवजा दें : ठाकुर

**सतना।** भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि असमय लगातार हो रही बारिश से धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। खेतों में कटी पड़ी धान की फसलें भीगकर सड़कर अंकुरित होने लगी हैं,और किसान गहाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने राजस्व और कृषि विभाग पर गहरी नींद में होने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से शीघ्र सर्वे करवाकर फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## दुकान में पेट्रोल डालकर लगाई आग, मालिक को जिंदा जलाने की कोशिश; लाखों का नुकसान

सतना

जिले के दिदौंध गांव में शनिवार शाम करीब 6 बजे दो आरोपियों ने एक किराना दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी,जिससे दुकान मालिक को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। इस घटना का वीडियो रविवार को सामने आया है।



### गंभीर रूप से झुलसा दुकानदार

आगजनी में दुकान मालिक रामप्रकाश कुशवाहा गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें पहले कोठी अस्पताल ले जाया गया,जहां से गंभीर हालत में सतना के श्रीजी कान्हा हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

### आरोपियों की पहचान

गांव के ही रहने वाले बच्चा त्रिवेदी और कृष्णा त्रिवेदी ने 'प्रियंका किराना स्टोर' पर पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने रामप्रकाश कुशवाहा और उनकी पत्नी द्रोपदी कुशवाहा के साथ मारपीट भी की थी।

### लाखों का नुकसान

आग लगने से दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई है और लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया है।

### पुताई को लेकर हुआ था विवाद

*ग्रामीणों के अनुसार,घायल रामप्रकाश कुशवाहा और आरोपियों की दुकानें एक-दूसरे के पास हैं। शनिवार दोपहर दुकान की पुताई को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसी बात पर आरोपी बच्चा त्रिवेदी ने रामप्रकाश की पत्नी द्रोपदी से मारपीट कर दी थी।*

### आग लगाने की घटना

मारपीट के बाद शाम को आरोपी करीब 5 लीटर पेट्रोल लेकर आया और रामप्रकाश की दुकान में डालकर आग लगा दी।

### जिंदा जलाने का प्रयास

जब ग्रामीणों ने चीख-पुकार सुनकर बोरिंग चालू कर आग बुझाई,तो आरोपी नाराज हो गया और गैलन में बचे पेट्रोल को रामप्रकाश पर डालकर आग लगा दी। रामप्रकाश ने किसी तरह पास की पानी की टंकी में कूदकर अपनी जान बचाई,लेकिन वह गंभीर रूप से झुलस गया।घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार,इन दोनों आरोपियों पर मारपीट और धमकी देने के मामले में पहले से भी कई केस दर्ज हैं।

## म.प्र. स्थापना दिवस पर सतना में गूंजा 'नामदेव डहरिया समाज' का जयघोष, संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की 755वीं प्रभात फेरी और हवन

सतना।



मध्य प्रदेश राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर,शनिवार को सतना के वेंकटेश मंदिर परिसर, मूख्त्यार गंज में नामदेव डहरिया समाज द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं प्रभात फेरी का आयोजन पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया,जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रभात फेरी के समापन के बाद,मंदिर के प्रधान पुजारी कमलाकांत शास्त्री के कर-कमलों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन और हवन संपन्न कराया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम बद्री प्रसाद नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे,जिनमें कल्लू नामदेव,छोटेलाल नामदेव,नारेन्ट नामदेव,दीपक नामदेव,आनंद प्रकाश नामदेव,छोटे नामदेव (जैतवारा),सुनील नामदेव,विजय नामदेव सहित समाज के सैकड़ों युवा,महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। इस सफल आयोजन ने समाज के प्रति भक्ति और एकता की भावना को मजबूती दी।

## मैहर में धूमधाम से मनाया गया श्याम बाबा का जन्मोत्सव



मैहर।

मैहर में श्याम बाबा के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर बोस कॉलोनी में भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ पांडे ने बाबा श्याम की अनुपम प्रस्तुति पेस की वहीं श्याम प्रेमी रीतू मैनी ने अपनी मधुर आवाज़ में भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भक्तों ने "जय श्री श्याम" के जयकारों से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। श्याम संकीर्तन के दौरान भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु देर रात तक बाबा श्याम के भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम के आयोजन में श्याम परिवार एवं स्थानीय भक्तों का विशेष योगदान रहा।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मैहर में 15 नवंबर को

मैहर



साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कीर्तिमान की 44वीं प्रस्तुति अखिल भारतीय काव्य सम्मेलन 15 नवंबर शनिवार को रात्रि 8 बजे से संगीत समारोह स्थल मैहर में आयोजित किया गया है। संयोजक सचिव डॉ.कैलाश जैन ने बताया कि यह सम्मेलन देश के सुप्रसिद्ध मंच संचालक शशिकांत यादव देवास के संचालन में होगा। इसमें विनीत चौहान अलवर,राव अजातशत्रु उदयपुर,नदीम साद देवचंद, सुश्री मर्णिका दुबे सिहोर,स्वयम श्रीवास्तव,उन्नाव अपने गीत,गजल और ओज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे,जबकि लाफ्टर चैंपियन सुरेश अलबेला कोटा और हीरमणि वैष्णव कोरबा अपनी अनूठी प्रस्तुतियों से हंसाएंगे।

## श्री अग्रसेन धाम में उत्साह के साथ मनाया गया इच्छा नवमी का सामूहिक आयोजन

**सतना।** अग्रवाल समाज द्वारा कार्तिक मास की नवमीं (इच्छा नवमीं) का सामूहिक आयोजन गुरुवार, 30 अक्टूबर को श्री अग्रसेन धाम,बूटीबाई अग्रवाल विद्या सदन परिसर में किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी और माता माधवी जी के आशीर्वाद से समाज के लोगों ने उत्सव मनाया। प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल (रम्पू) ने बताया कि मण्डल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल और महामंत्री राम अग्रवाल सहित मातृशक्तियों द्वारा महाराजा अग्रसेनजी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया। तत्पश्चात आंवला वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर खिचड़ी प्रसाद,बूंदी



और नमकीन का वितरण किया गया। समाज के सभी वर्गों ने एक साथ मिलकर सामूहिक स्वल्पाहार का आनंद लिया।

### भारतीय मजदूर संघ की नई संभागीय कार्यकारिणी घोषित,दीपक मिश्रा बने संभागीय मंत्री

मैहर।

भारतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय संभागीय सम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इसमें नई संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई,जिसमें मैहर जिले से दीपक मिश्रा को संभागीय मंत्री विमला सिंह को संभागीय उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

## सांसद गणेश सिंह को बदनाम करने का प्रयासः सोनी

मैहर। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान सेमरिया चौक पर बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समय हुई घटना को लेकर एक वीडियो वायरल किया जा रहा है।इसमें सांसद गणेश सिंह पर एक कर्मचारी को थप्पड़ मारने का आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने की विपक्षियों की साजिश बताई जा रही है। सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी (मैहर) ने कहा कि नगर निगम की क्रेन मशीन तकनीकी रूप से खराब थी,जिसे कार्यक्रम स्थल पर लाना ही अधिकारियों की लापरवाही थी। क्रेन की खराबी के कारण सांसद जब प्रतिमा पर चढ़े तो सीटिंग केबिल में फंस गए,जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। उन्होंने बताया कि सांसद ने कर्मचारी से सामान्य संवाद किया था,जिसे विपक्षी दलों द्वारा तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया। संतोष सोनी ने इसे साजिश के तहत फैलाया गया भ्रामक प्रचार बताते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## 'ऑपरेशन प्रहार 2.0': नशीली कफ सिरप बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के आदेशानुसार, सतना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिगनहट अटरा तिराहा पर एक व्यक्ति को थैले में रखकर नशीली कफ सिरप बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने दोस्त अमन उर्फ अप्पू का नाम बताया,जो उसे सिरप लाकर देता था। जब्त सामग्री में 30 शीशी नशीली कफ सिरप कीमत 6000 और एक मोटरसाइकिल जप्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी संजीव उर्फ दादू शुक्ला पिता रमाकान्त शुक्ला (42 वर्ष),निवासी जिगनहट,थाना सिटी कोतवाली,अमन उर्फ अप्पू उर्मलिया पिता हरवंश उर्मलिया (30 वर्ष),निवासी हरदोखर,थाना नागौद,सतना है।आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 NDPS एक्ट और 5/ 13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## रक्तदान कर बचाई मरीज की जान-समाजसेवी सुजीत गुप्ता बने प्रेरणा स्रोत



**सतना।** मानव सेवा के तहत जरूरतमंदों को रक्त की व्यवस्था कराई। युवा व्यवसायी और समाजसेवी सुजीत गुप्ता (रवि) ने जिला चिकित्सालय सतना में भर्ती 50 वर्षीय मरीज अनिल विश्वकर्मा के लिए निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। यह उनका दसवां रक्तदान था। उनके इस पुनीत कार्य की सभी ने सराहना की है,और संस्था ने उनसे समाज को प्रेरणा लेने का संदेश दिया है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मैहर यातायात पुलिस ने लगवाए 'उत्तल दर्पण'

मैहर

*यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की शुरुआत की है। सबसे ज्यादा दुर्घटना वाले डेंजर जोन चौराहों पर चार उत्तल दर्पण (रोड सेफ्टी इक्विपमेंट मिरर) लगवाए गए हैं। ये दर्पण अंधे मोड़ और बिना सीधी दृष्टि वाले स्थानों पर सड़क पर आने वाले यातायात और पैदल चलने वालों को पहले से देखने में मदद करते हैं,जिससे दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है। केजेएस मोड़ जीरो पॉइंट,रीवा की तरफ से मैहर एंट्री करते ही बने चौराहे पर,पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने सर्विस लेन के पास,इंडियन कॉफी हाउस के सामने।*

## संयुक्त संचालक ने किया औचक निरीक्षण

**सतना।** नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग के संयुक्त संचालक मयंक वर्मा ने रविवार को नगर परिषद नागौद का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान श्रीवर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में अमृत 2.0,प्रधानमंत्री आवास 2.0,स्वच्छ भारत मिशन 2.0,कायाकल्प,भवन अनुज्ञा, राजस्व वसूली,डे-एनयूएलएम,पीएम स्वनिधि योजना सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति संबंधी शाखावार समीक्षा की एवं जलकर,विद्युत,लेखा व स्थापना शाखा से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया। इसके साथ ही श्री वर्मा ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह,उपयंत्री अभिषेक शर्मा सहित निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विन्ध्य विकास फोरम ने किया साहसी सौरभ सिंह का सम्मान

**सतना।** विन्ध्य विकास फोरम की एक महत्वपूर्ण बैठक फोरम कार्यालय,केसरी ट्रेडर्स,सर्किट हाउस में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजीव गुप्ता ने की,जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विजय प्रताप सिंह और डॉ.राकेश जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का संचालन योगेश शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई और साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक का मुख्य आकर्षण कृपालपुर के समीप रीवा रोड पर सीवर लाइन का कार्य करते हुए दुर्घटनाग्रस्त हुए मजदूरों को अपनी जान की बाजी लगाकर बचाने वाले साहसी सौरभ सिंह का सम्मान रहा। फोरम ने मानवता और बहादुरी के इस कार्य के लिए सौरभ सिंह को शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

### बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्य

इस बैठक में मुख्यरूप से हरिओम गुप्ता,डॉ.गौरव प्रताप सिंह,प्रदीप कुमार अवस्थी,सुधीर रिझारिया, रमाकांत शुक्ला,उमेश त्रिवेदी,जितेन्द्र सोमवंशी,प्रणय धाराधर,अमित राजकुमार अग्रवाल,अरविन्द पंवड्या,अवस्थी सन्नू,अविनाश सिंह,हितेन्द्र सिंह,सिद्धार्थ पाण्डेय,प्रमोद श्रीवास्तव,अजय शर्मा, संजय त्रिपाठी,प्रामेंद्र सिंह और अंकित सिंह सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### मेला के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं हेतु सौंपे दायित्व

# पांच दिवसीय कटाएघाट मेला का आयोजन 5 नवंबर से, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बजरंग कटायेघाट मेला का आयोजन 5 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक कटायेघाट में किया जाना है। मेले का शुभारंभ 5 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे से मधई मंदिर के पास से श्री बजरंग बली जी की शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को मेला प्रभारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक मेला प्रभारी नियुक्त कर मेला आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु निगम के अधिकारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपे है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जारी आदेश में मेला स्थल पहुंच मार्ग की मरम्मत, निर्माण, मेला स्थल पर आवश्यक मरम्मत व पुताई के साथ ही आवश्यकतानुसार पंडाल, कुर्सी, टेबिल, माईक, स्पीकर, इत्यादि की व्यवस्था का कार्य एवं मेला स्थल का ले आउट प्लान तैयार करने का दायित्व प्र.कार्यपालन यंत्री असित खरे, प्र. सहायक यंत्री अनिल जायसवाल एवं उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को सौंपा है। अन्य व्यवस्था का दायित्व सुधीर मिश्रा, प्र. सहायक यंत्री आदेश जैन एवं उपयंत्री मोना करेरा को प्रदान किया गया है।

निगमायुक्त ने मेला स्थल पर पूर्व की भांति दुकान, स्टाल, वाहन स्टैण्ड आदि की प्लानिंग, प्लाटिंग कराते हुए स्थल का मेले हेतु बुकिंग, वाहन स्टैण्ड, शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के स्टाल लगवाने हेतु स्थल व्यवस्था का दायित्व जागेश्वर प्रसाद पाठक, विनोद सिंह, प्र. रा. निरीक्षक एवं क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक,क्षेत्रीय सहायक राजस्व निरीक्षक को प्रदान किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आई ई सी टीम के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराकर मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने का दायित्व,नोडल अधिकारी आदेश जैन (एस.बी.एम.) एवं संजय चौदह को सौंपा है। वहीं मेला स्थल पहुंच मार्ग एवं मेला प्रांगण की विशेष साफ-सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, अलाव व्यवस्था एवं स्वास्थ्य टीम के माध्यम से मेला क्षेत्र को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त रखने हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड दरोगा को निर्देशित किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद एवं विज्ञान प्रदर्शनी

मेले के दौरान आयोजित होने वाले समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा, सेवा निवृत्त प्राचार्या से सहयोग लेते हुए खेलकूद प्रतियोगिता एवं मेले में आयोजित होने वाले विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु प्राचार्य के सी एस, साधुराम एवं ए रविन्द्र राव स्कूल एवं स्टाफ को दायित्व सौंपे गए हैं।

### शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार

नगरपालिक निगम, कटनी में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं प्रदर्शनी लगाने का दायित्व सनद विश्वकर्मा, सहा. सामु. संगठक एवं यश कुमार रजक, सिटी मिशन मैनेजर को सौंपा गया है।

निगमायुक्त ने श्री बजरंग बली की मूर्ति व्यवस्था, मेला जुलूस व्यवस्था एवं मेले में होने वाले धार्मिक आयोजनों के साथ ही मेला कार्यकम समाप्ति उपरांत मूर्ति का विसर्जन कराने का दायित्व राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं उनकी टीम को सौंपा है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने मेला अवधि के दौरान नदी के दोनों किनारों व घाट में आवश्यक बेरीकेटिंग कराने, मेला स्थल एवं पहुंच मार्ग में पेयजल की समुचित व्यवस्था, मंच संचालन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रचार प्रचार, बैनर, पुरस्कार वितरण, प्रमाण पत्र, प्रतिभागियों को लाने के जाने हेतु वाहन व्यवस्था, दुकानों को व्यवस्थित कराना, सुगम आवागम की कार्यवाही के साथ ही मेला प्रांगण एवं मेला कार्यालय में रात्रिकालीन चौकीदारों की व्यवस्था हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व का आवंटन कर समस्त व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## 56 विभागों की 1700 सेवाएँ अब एक पोर्टल पर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करायेगा। 'एमपी ई-सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक 100% ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश को देश के डिजिटल गवर्नेंस एनेबल्ड राज्यों में अग्रणी बनाने वाले इस पोट्र्ल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया है। इससे नागरिकों, विभागों और सेवाओं को एक ही डिजिटल ईको-सिस्टम में जोड़कर मध्यप्रदेश ने यह सिद्ध किया है कि डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस है।

# मप्र स्थापना दिवस के दिन पुलिस विभाग के नवाचार के रूप में विद्यादान पुस्तकालय कोचिंग का शुभारंभ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया ने किया





पन्ना।

विद्यादान पुस्तकालय को लेकर जो सौगात युवाओं के लिये मानी जा रही है निष्चिततौर पर भावी भविष्य के संवारने को लेकर पुलिस विभाग का नवाचार जन जागरूकता सामाजिक पुलिसिंग जो कि पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषन फलस्वरूप अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर जिनकी सोच विचारधारा संवेदनषीलता मानवता की मिषाल से ओत-प्रोत अंतिम छोर के व्यक्तियों व ऐसे परिवारों के युवाओं के लिये यह पुस्तकालय व कोचिंग मददगार होगी जो अर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं है। वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के इस दौर पर षिक्षा के माध्यम से ही प्रगतिपथ के आयाम तय करने को लेकर युवाओं का भविष्य संवारने के लिये जानी जायेगी। यह सोच थाना प्रभारी अजयगढ़ की एक विचारधारा प्रवाह के रूप में आयाम तय कर रही है।

जिले के अजयगढ़ थाना में जहां विगत दिवस भावी भविष्य के निर्माण को लेकर विद्यादान पुस्तकालय का शुभारंभ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया द्वारा जो किया गया है यह पुलिस विभाग के नवाचार के रूप में भावी भविष्य के निर्माण को लेकर जाना जायेगा। पुलिस हमारी मित्र है हमारी सुरक्षा व भविष्य को लेकर जो कार्य किये जा रहे है निष्चित ही पन्ना पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्षन व निर्देषन में अपर पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका समन्वय के साथ जहां सामाजिक पुलसिंग को लेकर समाज में अपनी विषेष स्थान बनाने को लेकर युवाओं के भविष्य को संवारने के लिये यह पुस्तकालय दिषा दे रहा है। गौरतलब बात यह है कि थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर जिनकी सोच कहीं न कहीं प्रेरणादायी दिषा भावी भविष्य युवाओं के निर्माण के लिये अलग ही मानी जा रही है। पद भले ही थाना प्रभारी का विचारधारा संवेदनषीलता संपूर्ण विकास के लिये मानवता की सोच जहां अपनी आत्मकथा से प्रेरित होकर माता-पिता के संस्कारों से जो प्रेरणा मिली आज वह भलीभूत हो रही है। स्वयं के विकास की सोच न कि समाज के विकास के लिये षिक्षा के माध्यम से अलख जगाने का प्रयास थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर जो स्वयं स्वामी विवेकानन्द की कहानी को अपने जीवन में सबक लेकर स्वयं में पहले उतारा उनकी विचारधारा स्वयं के लिये नहीं बल्कि समाज के लिये भी उत्तरदायित्व निभाने के लिये वहीं षिक्षा के माध्यम से ही संपूर्ण अंतिम छोर के व्यक्तियों को लेकर ये संबेदनायें है इस पुस्तकालय में जहां ऐसे युवाओं के लिये वरदान माना जा रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर माने जाते है जिनके माता-पिता स्वयं महानगरों में अपने बेटे व बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिये कोचिंग नहीं दिला सकते ऐसे छात्रों के लिये अजयगढ़ जैसे ग्रामीण क्षेत्र के कस्बे में यह पुस्तकालय कोचिंग प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिये छात्र-छात्राओं के लिये सौगात है। थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर जिनका मानना है कि जीवन का सबसे अच्छा दोस्त पुस्तक है आगे बढने के लिये लक्ष्य के साथ ज्ञानी नहीं बल्कि छात्र बनकर ही सदैव ज्ञान अर्जित करें वहीं स्वामी विवेकानन्द जी की प्रेरणादायी गोल जिस तरह से गेम्स फुटवाल में लक्ष्य को लेकर खिलाड़ी के लिये आवष्यक माना जाता है इसी तरह सफलता के लिये लक्ष्य के साथ पुस्तकों से सदैव ज्ञान अर्जित करते हुये आगे बढने के लिये माना जा रहा है। गौरतलब बात यह है कि जिनके जीवन में स्वयं दास्तां गुजरती है उस अनुभव से जो दूसरों के लिये सफलता की सोच रखते है ऐसे थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर जो हमारे पड़ोसी जिले छतरपुर के ग्राम पंचायत षिवराजपुर तहसील राजनगर के निवासी है जिनकी प्रारंभिक षिक्षा चंदनगर में हायर सेकेण्डरी तक सम्पन्न हुई वहीं उच्च षिक्षा छतरपुर महाराजा कॉलेज से हासिल की वहीं लक्ष्य था सिविल सर्विस को लेकर जो कहीं न कहीं उस समय इंदौर व दिल्ली जैसे महानगरों तथा इलाहाबाद से भी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सफलता के मुकाम को लेकर प्रयास जारी रहे वहीं जो लक्ष्य था वह कहीं न कहीं विचारधारा को समेटे हुये आज थाना प्रभारी के रूप में हमारे सामने है इतना ही नहीं स्वयं दो बार शासकीय षिक्षक भी आप रहे तथा 2004 से 2009 तक ग्राम पंचायत षिवराजपुर के सरपंच भी रहे। यानि बहुमुखी प्रतिभा के धनी साधारण परिवार से पर माता-पिता के संस्कारों से माता की धार्मिक आस्था रूपी आर्षीवाद से आज स्वयं तो सफल 2013 में जब सीधी भर्ती हुई उप निरीक्षक पद के लिये तो यह मुकाम मिला कठिन संघर्षमय जीवन के साथ लेकिन सफलता लक्ष्य को लेकर थी जो वह आज हमारे सामने स्वयं थाना प्रभारी के रूप में बखत सिंह ठाकुर जाने जाते है लेकिन स्वयं के लिये व अपने परिवार के साथ-साथ समाज के लिये भी जीते है ऐसे लोग बहुत कम होते है। पुलिस विभाग का नायाब हीरा भी माना जाता है जिनकी सोच आज भी युवाओं के भविष्य को संवारने के लिये जानी जा रही है यह विद्यादान पुस्तकालय व कोचिंग ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिये वरदान साबित होगी जो छात्र-छात्रायें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बीच से है जो महानगरों में षिक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिये कोचिंग के रूप में लाभ नहीं ले सकते थे उन्हें उनके अजयगढ़ कस्बे में ही महाराज अजयपाल की कृपा से डिजिटल कम्प्यूटर एकेडमी में विगत दिवस से ही पुस्तकालय व कोचिंग की सौगात संभव हुई। विषेषतौर पर यहां छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संवर्धन स्वच्छता नषामुक्ति व संस्कार के निर्माण को लेकर अनुषासन के साथ व्यवहारिकता व मानवता जैसी षिक्षा को भी प्रदान करने के लिये माना जा रहा है। निष्चित ही यह पुस्तकालय व कोचिंग अजयगढ़ जैसे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिये वरदान बनेगी जो षिक्षा के माध्यम से अपने आयाम तय करने को लेकर युवाओं का भविष्य स्वमेव सफलता के मुकामों को लेकर जाना जायेगा। म0प्र0 के स्थापना दिवस के दिन पुस्तकालय व कोचिंग का शुभारंभ पुलिस विभाग के सहयोग से जहां नवाचार के रूप में एक विचार-धारा के रूप में प्रवाहित होगी।

## पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध की गई बड़ी कार्यवाही, भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से करीब 178 लीटर अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त आई-10 कार सहित कुल 6 लाख कीमत का मशरूका जप्त



पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गई एक महत्वपूर्ण कार्यवाही में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध शराब सहित एक आई-10 कार जप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। जिसके फलस्वरूप दिनांक 01.11.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक काले रंग की होण्डा आई-10 कार क्रमांक डच्3र्5ब-8694 सतना तरफ से आ रही कार में अवैध शराब परिवहन की जा रही है । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जंगल ढावा के पहले सतनादृपन्ना आम रोड पर सतना की ओर से आती उक्त कार को रोककर चेक किया गया । वाहन में सवार 03 व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा उनके नाम पता पूँछकर कार की तलाशी ली गई जो कार में खाकी रंग के 20 कार्टून पाये गये, जिनमें कुल 992 क्वार्टर (कुल मात्रा करीब 178.56 लीटर) कीमती करीब 01 लाख रूपये की अंग्रेजी 'गोवा' एवं देशी मदिरा (प्लेन व मसाला) की अवैध शराब होना पाया गया । पुलिस टीम द्वारा शरारब के संबंध में आरोपियों से पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि उक्त अवैध शराब अबरार अली निवासी कुंजवन रोड गहरा तथा शमशेर खान निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना के कहने पर नागौद क्षेत्र से लेकर आये हैं । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब सहित परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 916/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 20 कार्टूनों में 992 क्वार्टर कुल मात्रा करीब 178.56 लीटर कीमती करीब 01 लाख रूपये की अवैध अंग्रेजी व देशी मदिरा एवं अवैध शऱाब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन होण्डा कंपनी की आई-10 कार क्रमांक डच्3र्5ब-8694, कीमती करीब 5 लाख सहित कुल मशरूका कीमती करीब 6 लाख रूपये का जप्त किया गया है ।

**गिरफ्तार आरोपी** -1. लकी उर्फ संतोष कोंदर पिता परमलाल कोंदर, उम्र 24 वर्ष, निवासी माया डीलक्स के सामने, आगरा मोहल्ला, पन्ना। 2. दीपक कुशवाहा पिता जगदीश कुशवाहा, उम्र 36 वर्ष, निवासी बेनीसागर मोहल्ला, पन्ना 3. रामप्रकाश उर्फ रंगा पिता अच्छेलाल सेन, उम्र 35 वर्ष, निवासी मेनका टाकीज के पीछे, पन्ना।

**फरार आरोपी** - मामले में आरोपी अबरार अली, निवासी कुंजवन रोड, पन्ना एवं आरोपी शमशेर खान, निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना की गिरफ्तारी होना शेष जल्दी ही पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों की गिरफ्तारी की जावेगी।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि कुंजबिहारी कोल, प्र.आरक्षक बृषकेतु रावत, सुनील पाण्डेय, अशोक सिंह, चालक प्र.आर. मुन्नालाल कोल, आर. धर्मेन्द्र प्रजापति, महेन्द्र चढार, शैलेन्द्र बागरी एवं सत्यनारायण अग्निहोत्री का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम के कार्य की सराहना की गई है।



## कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे भारी वाहन चालक पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन बना मूक दर्शकि

### अमानगंज के बीच चौराहे में लगातार जाम का कारण बन रहे ट्रक और ट्रॉलर

**अमानगंज।** पन्ना जिला कलेक्टर ने बीते दिनों एक आदेश जारी कर नगर अमानगंज से गुजरने वाले भारी वाहनों को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक नगर से निकलने पर प्रतिबंध लगाया था। इन दिनों स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते लगातार भारी वाहन जिला कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए नगर अमानगंज के बीच चौराहे से गुजरते हैं और इससे प्रतिदिन नगर के गांधी चौराहा सहित मुख्य सड़क मार्ग में जाम लगा रहता है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन या पुलिस को नहीं क्योंकि यह वाहन बाकायदा तहसील, नगर परिषद और पुलिस थाना के सामने से गुजरते हैं लेकिन फिर भी कोई इन भारी वाहनों पर कार्यवाही करने वाला नहीं है। जिससे नगर वासियों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**अमानगंज।** अमानगंज प्रतिनिधि नगर अमानगंज में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के आज चतुर्थ दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कथा व्यास पंडित राम दुलार शास्त्री जी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है यह संगीत में कथा का आयोजन प्रतिष्ठित व्यापारी परिवार के द्वारा कराया जा रहा है इस कथा में मुख्य स्रोत के रूप में श्रीमती कंचन कंथारिया परीक्षित के रूप में कथा श्रवण कर रही हैं कथा में आज भगवान कृष्ण की जन्मोत्सव के समय भारी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई और बहुत ही संगीत मैं बधाई गीतों में भक्त और श्रद्धालु झूम उठे तो भगवान के जन्म उत्सव के समय भारी पटाखे एवं बैंड बाजा की ध्वनि से वातावरण भक्ति में हो गया

# पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत नेचर कैम्प 2025-26 का शुभारंभ



पन्ना।

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत पन्ना नेचर कैम्प का शुभारंभ नवम्बर माह के प्रथम रविवार से किया किया। प्रथम कैम्प वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम 2025 के विजेता प्रतिभागियों हेतु निःशुल्क आयोजित किया गया। इसके उपरान्त प्रत्येक रविवार को सःशुल्क नेचर कैम्प फरवरी के अंतिम रविवार तक आयोजित किये जावेगे। पन्ना नेचर कैम्प के लगातार



क्रियान्वयन होते हुये 15 वर्ष व्यतीत हो चुके है जिसमें 365 कैम्प एवं लगभग 11000 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया है। नेचर कैम्प के सफलतम 15 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष प्रथम नेचर कैम्प का शुभारंभ श्री नरेश सिंह यादव, क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, श्री मोहित सूद उप संचालक, श्री माधव सिंह मौर्य, सहायक संचालक पन्ना, परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना कोर, श्री भवानी दीन पटेल एवं श्री मनीष रावत, रिसोर्स परसन पन्ना नेचर कैम्प एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है। क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक द्वारा बच्चो को नेचर कैम्प एवं प्रकृति के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया गया एवं पन्ना नेचर कैम्प की किट वितरित की गई। क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा प्रथम नेचर कैम्प के प्रतिभागियों की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## पन्ना के ऐतिहासिक धरम सागर तालाब का कायाकल्प, बना नया पर्यटक आकर्षण केंद्र

### नगर पालिका अध्यक्ष मीना विष्णु पाण्डेय की पहल

पन्ना।

शहर के हृदय में स्थित सदियों पुराने धरम सागर तालाब का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डेय के प्रयासों से व्यापक सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार किया गया है। इस परियोजना ने न केवल तालाब की ऐतिहासिक गरिमा को बहाल किया है, बल्कि इसे एक नए और आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित किया है।




### महाराज छत्रसाल की प्रतिमा बनी मुख्य आकर्षण

सौंदर्यीकरण कार्य के तहत, तालाब परिसर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए गए हैं। इनमें सबसे प्रमुख महाराजा छत्रसाल की एक भव्य प्रतिमा की स्थापना है, जो अब इस स्थल का मुख्य आकर्षण बन गई है। यह प्रतिमा बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास और विरासत का प्रतीक है। सूत्रों के अनुसार, प्रतिमा का अनावरण जल्द ही किया जाएगा, जिसके बाद यह स्थल आधिकारिक तौर पर पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नया पर्यटन स्थल

श्रीमती मीना विष्णु पाण्डेय के मार्गदर्शन में किए गए विकास कार्यों में पाथ-वे, बैठने के स्थान और आकर्षक लाइटिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं को भी जोड़ा गया है। इन निर्माण कार्यों ने तालाब के चारों ओर के वातावरण को पूरी तरह से बदल दिया है, जिससे यह स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए एक शांतिपूर्ण और मनोरम स्थान बन गया है।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

इस पहल से पन्ना शहर में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शहर के बीचों-बीच स्थित इस नए आकर्षण केंद्र से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि शहर के अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास की योजनाएं भी बनाई जा रही हैं, ताकि पन्ना को एक प्रमुख पर्यटन मानचित्र पर लाया जा सके। हालांकि, इन पर्यटक स्थलों के समुचित रखरखाव की चुनौती बनी हुई है, जिस पर नगर पालिका को भविष्य में ध्यान केंद्रित करना होगा, ताकि यह नया स्थल अपनी सुंदरता और आकर्षण लंबे समय तक बनाए रख सके।

## खबर संक्षेप

### स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रज्जवलित किये गये 11000 दीपक



**पन्ना।** मप्र के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के पवित्र नदियों एव सरोवरों के घाट पर दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ उक्त क्रम में कलेक्टर महोदया पन्ना के निर्देशन में धरमसागर तालाब घाट पर 11000 दीपको से प्रज्ज्वलित कर जिले को दीप रोशनी से रोशन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली, के माध्यम से, स्वस्तिक, ओम एवं कमल के प्रतीकात्मक चिन्हों से दीपों की सजाया गया। महिलाओं की सक्रीय भूमिका के साथ -साथ आजीविका मिशन विभाग अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधक, श्री प्रमोद कुमार शुक्ला, विकासखण्ड प्रबंधक विवेक कुमार मिश्रा, सहा0 विकासखण्ड प्रबंधक मनीष पाण्डेय, शीतल द्विवेदी एवं पंकज गर्ग द्वारा सक्रीय भूमिका निभाई गई ।

### पहली बार आयोजित होने जा रहा है मुख्यमंत्री का कार्यक्रम



**पन्ना।** रविवार को पन्ना कलेक्टर ने अधिकारियों के दल के साथ शाहनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पन्ना कटनी मैन रोड पर स्थित खेल परिसर आमा में उस स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। आपको बता दें कि प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव संभवतः नवंबर माह में 12 तारीख से 20 नवंबर के बीच कभी भी आ सकते हैं। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड, प्रवेश एवं निकास द्वार, भूमिपूजन, लोकार्पण तथा प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही वाहन पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान का भी चयन किया गया। यह पहला अवसर होगा जब किसी मुख्यमंत्री की सभा शाहनगर में आयोजित होने जा रही है। प्रशासन की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारियाँ जोरों पर हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मुख्यमंत्री की सभा में किसी भी प्रकार की असुविधा या सुरक्षा में चूक न हो। इस निरीक्षण के दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर काफी उत्साहित हैं और लोगों के द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि शाहनगर के विकास को एक नई दिशा मिल सकती है।

### देवेंद्रनगर में 9100 दीपों से झिलमिलाया श्री बद्रीनाथ धाम



**देवेंद्रनगर।** देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर प्रांगण दिव्यता और भक्ति से आलोकित हो उठा। इस वर्ष 9100 दीपों से श्री बद्रीनाथ धाम की भव्य आकृति बनाई गई, जिसने नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीपों की सुनहरी आभा में नहाया मंदिर परिसर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो देवभूमि स्वयं धरती पर उतर आई हो। यह आयोजन श्रीराम बाल सेवा समिति एवं श्रीराम युवा दल के सहयोग से संपन्न हुआ। समिति के सदस्य सेजल तोमर, अंजू विश्वकर्मा, गुड़िया विश्वकर्मा, प्रथा विश्वकर्मा, आकांक्षा विश्वकर्मा, छाया विश्वकर्मा, सृष्टि अग्रवाल, यश गुप्ता, अंश अग्रवाल, आशु अग्रवाल, ऋषि मिश्रा, शिवांश अग्रवाल, ओम गुप्ता, रोहित सोनी, दिलप्रीत सिंह, प्रथम विश्वकर्मा, आशिक कुशवाहा, अरमान पाठक, प्रखर गुप्ता, लकी गुप्ता। आयोजन का संचालन प्रदीप गुप्ता (सुड्डू) संयोजन अमित सोनी (भीमू) द्वारा किया गया। आदि युवाओं ने एक सप्ताह पहले से दिन-रात तैयारी कर दीपों की व्यवस्था, आकृति निर्माण और संपूर्ण संचालन का कार्य निस्वार्थ भाव से किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गुप्ता (सुड्डू) एवं संयोजन श्रीराम बाल सेवा समिति के अध्यक्ष अमित(भीमू)सोनी द्वारा किया गया। इस परंपरा के अंतर्गत पूर्व वर्षों में 4100 दीपों से श्रीराम झांकी और 5100 दीपों से केदारनाथ धाम की आकृति बनाई जा चुकी है। इस बार 9100 दीपों की जगमगाहट ने मंदिर परिसर को स्वर्णिम आभा से भर दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता ने विशेष रूप से उपस्थित होकर युवाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि "भक्ति, संस्कृति और अनुशासन का ऐसा संगम देवेंद्रनगर की पहचान बन चुका है।" दीप प्रज्वलन के समय मंदिर परिसर "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा।

खबर संक्षेप

### दुकान में घुसी अनियंत्रित कार, शराब के नशे में था चालक



छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पठापुर रोड पर रावतपुरम में देर रात एक शराबी चालक की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर किराना दुकान में घुस गई। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति कार की चपेट में नहीं अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब पौने 11 बजे पठापुर रोड पर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 95 एटी 2660 अनियंत्रित होकर राकेश रावत की किराना दुकान में जा घुसी। दुकान मालिक राकेश रावत ने बताया कि चालक शराब के नशे में धुत था और हादसे के बाद फरार हो गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन दुकान का सामान बिखर गया और दुकान को भी नुकसान पहुंचा। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज बरामद की और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी। श्री रावत ने कहा कि यदि दुकान में ग्राहक होते तो बड़ा हादसा हो जाता। वहीं पुलिस ने शराबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो लापता बालिकाओं को खोजा गया

छतरपुर। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिले भर में लापता बालक-बालिकाओं और व्यक्तियों की तलाश तेज की है। इस अभियान में थाना अलीपुरा पुलिस ने 10 दिन पूर्व गुम नाबालिग बालिका को बड़वानी जिले से तथा थाना महाराजपुर पुलिस ने मई में लापता बालिका को जम्मू राज्य से दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंप दिया। अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित पहुंचाने का प्रयास जारी है। मंगलवार को थाना अलीपुरा पुलिस ने 10 दिन पहले गुम नाबालिग बालिका को बड़वानी जिले से तलाश कर सुरक्षित दस्तयाब किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शैलेंद्र सक्सेना, प्रधान आरक्षक जगवेंद्र सिंह, आरक्षक आबिद खान, रामदास तथा महिला आरक्षक अंजलि ने सराहनीय भूमिका निभाई। इसी तरह, थाना महाराजपुर पुलिस ने मई में गुम हुई बालिका को जम्मू राज्य से बरामद कर परिवार को सौंपा। इस सफलता में थाना प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह, उप निरीक्षक बिदु विश्वास, प्रधान आरक्षक नरेश, आरक्षक ओमप्रकाश तथा महिला आरक्षक मेनका का योगदान महत्वपूर्ण रहा। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों के परिवारों को राहत पहुंचाई जा रही है।

### श्री जटाशंकर धाम पहुंचे राज्यमंत्री मंत्री लखन पटेल

छतरपुर। म.प्र. शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल रविवार को छतरपुर जिले श्री जटाशंकर धाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने श्री जटाशंकर धाम समिति द्वारा संचालित बड़ागांव ग्राम स्थित श्री गौधाम गौशाला एवं डिलारी ग्राम में स्थित श्री नंदी गौशाला का निरीक्षण किया और गौपूजन किया। वहीं इन दोनों गौशालाओं में हुए कार्यक्रम के दौरान महिला सरपंचों द्वारा मंत्री श्री पटेल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही श्री जटाशंकर धाम में स्थित सेवा भारती के कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने बच्चों से संवाद किया। इसके बाद राज्यमंत्री द्वारा श्री जटाशंकर धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हुए प्रदेश एवं जिलेवासियों की खुशहाली की मंगल कामना की। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार अभिनव शर्मा सहित एसडीओपी एवं वेटनरी विभाग के डॉक्टर सहित दोनों ग्राम पंचायतों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गौरिहार क्षेत्र में शराब पार्टी के दौरान

# चाकू मारकर युवक की हत्या

छतरपुर।

जिले के गौरिहार क्षेत्र में शराब पार्टी के दौरान चाकू से हमला कर युवक को मौत के घाट उतारे जाने की घटना सामने आई है। गौरतलब है कि हत्या की चार वारदातों में से जिला मुख्यालय की एक घटना का अब तक खुलासा हुआ है, शेष तीन घटनाओं के आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है, जिसके चलते अब जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### शराब पार्टी के बीच चाकूओं से गोद दिया

ताजा मामला जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के चुरयारी गांव का है, जहां बीती रात शराब पार्टी के दौरान विवाद हुआ और एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने मृतक के चेहरे और गले पर कई वार किए जिससे मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। बताया गया है कि घटना शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात चुरयारी गांव में कीरतपुर कला तिराहे के पास हुई। बताया गया है कि 30 वर्षीय मृतक भूरा उर्फ अखिलेश पुत्र लक्ष्मी पटेल निवासी गौरिहार, शराब का आदि था। बीती रात अपने पिता से झगड़ा करने के बाद वह घर से निकला और कुछ लोगों के साथ गांव के बाहर शराब पार्टी करने चला गया। इसी पार्टी में मौजूद किसी व्यक्ति से भूरा का विवाद हुआ और जवाब में आरोपी ने धारदार चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। गौरिहार पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। एएसपी आदित्य पटले ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। घटनास्थल से पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह में हत्या की 4 घटनाओं से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। चूंकि अब तक हत्या की चार वारदातों में से तीन का खुलासा नहीं हुआ है, इसलिए लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। बता दें कि एक सप्ताह पहले 26 और 27 अक्टूबर की दरम्यानी रात बिजावर के भारतपुरा में वृद्ध की गला रेतकर हत्या हुई थी, जिसका अब तक खुलासा नहीं हुआ है। इसके अगले दिन 27 और 28 अक्टूबर की दरम्यानी रात सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कटारा में युवक की गला रेतकर हत्या की गई थी और इस घटना से भी अभी तक पर्दा नहीं हटा है। जिला मुख्यालय के पठापुर रोड पर हुई महिला की संदिग्ध मौत का बीते रोज खुलासा हुआ था और इसके बाद रविवार को गौरिहार क्षेत्र में युवक की हत्या हुई है।





## याय पथ अभियान में 195 से अधिक अपराधियों पर हुई कार्रवाई

### वारंटी गिरफ्तार, अवैध हथियार व शराब जब्त



छतरपुर।

छतरपुर पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत जिले भर में सघन कांबिंग गश्त कर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। 300 से अधिक पुलिस अधिकारियों की भागीदारी वाली इस कार्रवाई में 74 हजार रुपये के इनामी सहित 42 स्थाई वारंटी, 61 गिरफ्तार वारंटी, 3 अवैध हथियारों वाले आरोपी, 24 जुआ-सट्टा के अपराधी, 4 अन्य वांछित, 58 अवैध शराब के तथा 3 एनडीपीएस के अपराधी सहित 195 से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए गए। 523 गुंडा, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधी तथा जेल रिहाई की चेकिंग की गई। सार्वजनिक स्थलों, होटल, ढाबा और वाहन चालकों का भी निरीक्षण किया गया। रात्री कांबिंग गश्त के दौरान समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध हथियार, शराब, जुआ के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली में 7,000 रुपये के इनामी सहित 4, सिविल लाइन में 35,000 के इनामी सहित 10, नौगांव में 2,000 के इनामी सहित 8, बमीठा में 6,000 के इनामी सहित 4, लवकुश नगर में 12,000 के इनामी सहित 3, खजुराहो में 10,000 के इनामी, जुझारनगर में 2,000 के इनामी सहित जिले में 74,000 रुपये के 42 इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। नौगांव व सिविल लाइन में 8-8, महाराजपुर व कोतवाली में 6-6, लवकुश नगर व भगवा में 4-4, हरपालपुर, बड़ा मलहरा, चंदला में 3-3 सहित 61 गिरफ्तार वारंटी तथा 4 वांछित अपराधी पकड़े गए। अवैध शराब के 58 प्रकरणों में नौगांव में 9, सिविल लाइन में 5, महाराजपुर में 4, खजुराहो, बमीठा, ओरछा रोड, बिजावर में 3-3 सहित कार्रवाई हुई। नौगांव व बमीठा में एनडीपीएस के 3 अपराधी पकड़े गए। नौगांव, सिविल लाइन, हरपालपुर में एक-एक अवैध हथियार सहित 3 आरोपी गिरफ्तार। बिजावर में 2 जुआ फड़ से 12 जुआरी, लवकुश नगर में 2 फड़ से 11, नौगांव में एक सटोरिया सहित 24 के खिलाफ कार्रवाई की गई। 523 गुंडा, निगरानी बदमाश, जेल रिहाई तथा 15 जिला बदर की चेकिंग हुई। 327 समन और 173 जमानती वारंट तामील किए गए। 403 प्रकरणों में 537 अनावेदकों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई। सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, चौराहों पर भ्रमण किया गया तथा वाहन चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से चेक किया गया।

## महिला विश्वकप में भारतीय टीम की जीत के लिए हुआ हवन-पूजन



छतरपुर।

वनडे महिला विश्व कप में भारतीय टीम की खिताबी भिड़ंत साउथ अफ्रीका के साथ हुई। इस मुकाबले में भारतीय टीम की जीत की कामना को लेकर संकट मोचन धनुषधारी मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया गया। स्थानीय खेलप्रेमियों और समाजसेवियों ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रार्थना की। संकट मोचन धनुषधारी मंदिर में आयोजित इस हवन पूजन में समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल और अभिलाष मिश्रा ने बताया कि आज के मुकाबले में छतरपुर जिले के घुवारा की रहने वाली बेटी क्रांति गौड़ भी खेलेगी। उन्होंने बताया कि हवन-पूजन के साथ उन्होंने क्रांति गौड़ सहित पूरी टीम के शानदार प्रदर्शन की कामना भगवान से की है। समाजसेवियों ने कहा कि यह पूजन न केवल टीम की जीत के लिए बल्कि क्रांति को प्रोत्साहित करने के लिए भी है। दौरान मंदिर में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और जीत की मनोकामना की।

आज वल्डकप का फाइनल मैच है और पूरा देश उम्मीद लगाए बैठा है कि टीम इंडिया जीत दर्ज करे। बुंदेलखण्ड के लिए यह गर्व का क्षण है कि छतरपुर जिले की बेटी क्रांति गौड़ महिला क्रिकेट वल्डकप के फाइनल में खेल रही हैं। क्रांति गौड़ के कोच रहे राजीव बिल्थरे ने कहा कि क्रांति में शानदार प्रदर्शन करने की पूरी क्षमता है। उसके अंदर वह ताकत है कि वह मैच का रुख बदल सकती है। अभी उसे और आगे जाना है। उन्होंने कहा कि पूरा देश और खासकर बुंदेलखण्ड के लोग विश्वास के साथ उम्मीद लगाए हैं कि इंडिया यह फाइनल जीतेगी और क्रांति गौड़ का बॉलिंग में अहम योगदान रहेगा। इंडिया वल्डकप जीते यही हमारी शुभकामनाएं हैं।

### क्रांति के गांव में मैच देखने आए क्षेत्र भर के लोग

महिला वनडे विश्व कप के फाइनल मुकाबले में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमने-सामने हैं। इस रोमांचक मुकाबले से पहले पूरे देश की तरह छतरपुर जिले के घुवारा नगर में भी भारतीय टीम की जीत के लिए जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नगर में जगह-जगह एलईडी स्क्रीन और टीवी सेट लगाए गए हैं, ताकि लोग एक साथ मिलकर मैच का आनंद ले सकें। घुवारा की स्थानीय खिलाड़ी क्रांति गौड़ भारतीय महिला टीम का हिस्सा हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में गर्व और उत्साह का माहौल है। नगर के सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर टीम इंडिया की जीत के लिए विशेष प्रार्थना और हवन किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह तैयारी केवल मैच देखने के लिए नहीं, बल्कि देश को विश्व विजेता बनते देखने की उम्मीद और खिलाड़ियों के प्रति समर्थन की भावना का प्रतीक है। घुवारा के लोगों ने कहा कि क्रांति गौड़ जैसी स्थानीय बेटियों के टीम में शामिल होने से क्षेत्र का गौरव बढ़ा है और अब सभी को उम्मीद है कि भारत आज इतिहास रचकर विश्व कप अपने नाम करेगा।



## बमीठा पुलिस ने दो जगहों से गांजा तस्कर पकड़े



छतरपुर।

पुलिस के नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना बमीठा पुलिस ने रात्रि कॉम्बिंग गश्त के दौरान ग्राम देवगांव और ग्राम गंज में छापेमारी की। एक आरोपी को 1 किलोग्राम 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि एक विधि विरुद्ध किशोर को 300 ग्राम गांजा सहित अभिरक्षा में लिया गया। कुल बरामद गांजे की कीमत लगभग 24,000 रुपये बताई गई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

जानकारी के अनुसार बमीठा पुलिस को ग्राम देवगांव के तिगड्डा क्षेत्र और ग्राम गंज में अवैध गांजा तस्करी की सूचना मिली। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देवगांव में नंदू पाल पिता दशरथ पाल निवासी ग्राम देवगांव को 1 किलोग्राम 100 ग्राम गांजा (कीमत करीब 18,000 रुपये) के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह ग्राम गंज से एक विधि विरुद्ध किशोर को 300 ग्राम गांजा (कीमत करीब 6,000 रुपये) सहित पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले में सख्ती बरती जा रही है। विगत महीनों में एनडीपीएस के तहत 90 और आबकारी के तहत 2000 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें 52 क्विंटल से अधिक अफीम के पौधे, 1000 किलोग्राम से अधिक गांजा, 500 से अधिक नशीली सिरप की शीशियां, 1100 नशीली गोलियां, 200 से अधिक इंजेक्शन, स्मैक और 18,000 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

### एक तस्कर को नौगांव पुलिस ने दबोचा

वहीं दूसरी ओर नौगांव पुलिस को हाईवे ब्रिज के पास अवैध गांजा तस्करी की सूचना मिली। टीम ने ब्रिज के नीचे ढाबे के पास पहुंचकर संदिग्ध रामकिशोर त्रिपाठी पिता पुराण त्रिपाठी, निवासी वार्ड नंबर 7 नौगांव, की स्कूटी रोकी। तलाशी में स्कूटी की डिग्गी से लगभग 1 किलोग्राम 130 ग्राम गांजा बरामद हुआ। रामकिशोर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और जांच जारी है।



## बिजावर में जुआ के दो फड़ों पर छापा, 12 जुआरी गिरफ्तार

### 72 हजार नकद, 6 बाइक सहित 4 लाख की संपत्ति बरामद

छतरपुर।

बिजावर के खटक्याना मोहल्ला और नायताल रोड में चल रहे दो जुआ फड़ों पर बीती रात पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने 12 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा और उनके पास से 72,840 रुपये नकद, 6 दोपहिया वाहन तथा ताश की गड्डियां बरामद कीं, जिनकी कुल कीमत करीब 4 लाख रुपये है। सभी अभियुक्तों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि खटक्याना मोहल्ला में चार लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ऊदल कुशवाहा, खालिक सौदागर, पप्पू उर्फ पवित्र राय और इमरान खान को पकड़ा, जिनके पास से 60,250 रुपये नकद और तीन बाइक बरामद हुईं।

इसी तरह नायताल रोड पर महिपाल यादव, प्रहलाद साहू, सोनू साहू, हीरालाल साहू, कुलदीप गर्ग, रामचरन साहू, परमलाल साहू और राममिलन कुशवाहा सहित आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 12,590 रुपये और तीन बाइक जब्त की गईं। सभी अभियुक्त बिजावर के विभिन्न वार्डों के निवासी हैं। विवेचना जारी है।

## अज्ञात बदमाशों ने युवक पर कट्टा अड़ाकर फैलाई दहशत हवाई फायरिंग और मारपीट की, पुलिस जांच में जुटी

खजुराहो।

नगर की पुरानी बस्ती में रविवार की रात देशी कट्टों से फायरिंग और लाठी-डंडों से मारपीट की घटना सामने आई। बताया गया है कि चार से पांच बाइक सवार युवकों ने एक युवक के पेट में कट्टा अड़ाकर उसे धमकी दी, हवाई फायरिंग की तथा घर की महिलाओं पर हमला करने का प्रयास किया। चूंकि पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी जिसके चलते आरोपियों ने कैमरे और एक बाईक भी तोड़ डाली।

घटना रविवार की देर रात पुरानी बस्ती में घटी। चार-पांच युवक बाइक पर सवार होकर आए और स्थानीय निवासी कमलेश द्विवेदी के पेट में देशी कट्टा अड़ाकर धमकाते हुए फायरिंग कर दी। इतना ही नहीं लाठी-डंडों से मारपीट भी की गई जिससे कुछ महिलाएं घायल हुईं हैं। स्थानीय निवासी अभयकांत द्विवेदी ने बताया कि हमलावरों ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे और एक बाइक भी तोड़ डाली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने मौके पर दो-तीन खाली कारतूस बरामद किए हैं। थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने बताया कि अवैध हथियारों से फायरिंग और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, आरोपियों की तलाश की जा रही है, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

### ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत पुलिस ने नशा कारोबारी पर की कार्यवाही

**रीवा** । नशे के खिलाफ पुलिस की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने नशा कारोबारियों को पकड़ा है। उनके कब्जे से गांजा, नशीली सिरप और टेबलेट जब्त की गई है। गढ़ पुलिस ने बाइक में नशीली टेबलेट लेकर आ रहे युवक को पकड़ा है, जिसकी पहचान धर्मेंद्र स्वीपर (30) निवासी गढ़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 6192 नग टेबलेट जब्त हुई है. जिसको वह चोरीछिपे लाकर कस्बे में बेचने वाला था। वहीं पुलिस ने मनोज कुमार सिंह निवासी पूर्वा बाना गढ़ को गिरफ्तार किया है। वह गांजा की। करता था। तलाशी के दौरान उसके पास की विक्री से 16 किलो गांजा जब्त हुआ है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने दर्ज किया है।कोतवाली पुलिस ने युवती सहित दो को पकड़ासिटी कोतवाली पुलिस ने कबाड़ी मोहल्ले में दबिश देकर युवती सहित की विक्री दो लोगों को नशीली सिरप की। करते करते पकड़ा है। आरोपियों में नेहा लोनिया पिता बुद्धा लोनिया, अनिकेत चित्ता विष्णु लोनिया निवासी कबाड़ी मोहल्ला शामिल हैं। उनके कब्जे से पुलिस ने 21 शीशी नशीली सिरप जब्त की है, जिसको वे बेच रहे थे। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।सब्जी की आड़ में बेच रहा था गांजासब्जी की आड़ में गांजा बेधने वाले को बैकुंठपुर पुलिस ने पकड़ा है। बैकुंठपुर कस्बे में एक सब्जी की दुकान में गांजा बिक्री की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सुरेश सिंह निवासी वार्ड क. 5 बैकुंठपुर को गिरफ्तार कर लिया। दुकान की तलाशी लेने पर उसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ जिसको वह पुड़िया बनाकर बेचता था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस सप्लायर के बारे में पूछताछ कर रही है।

## डिप्टी सीएम एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने सेमरिया अस्पताल का किया निरीक्षण

**बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश**



रीवा।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सेमरिया सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल में प्रतिदिवस होने वाली ओपीडी की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 250 ओपीडी होती है। उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी के साथ ही आईडी बनवाकर टेलीमेडिसिन चिकित्सा प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से जिला चिकित्सालय व संजय गांधी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों से मरीजों के संबंध में स्थानीय चिकित्सक उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय में की जाने वाली जांचों के विषय में जानकारी लेते हुए कहा कि अस्पताल में होने वाली जाँचें यहीं कराएं तथा अन्य जाँच के लिए जिला चिकित्सालय भेजें। निजी जाँच केन्द्रों में किसी भी मरीज की जाँच न कराई जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर की जाने वाली जाँच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं की जानकारी रखें तथा उनकी जाँच में सहयोग करें। इसके लिए चिकित्सालय के चिकित्सक आशा कार्यकर्ताओं के सतत संपर्क में रहें। उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल के वार्डों तथा अन्य कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में साफ-सफाई न होने पर उप मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की तथा अपने सामने ही सफाई का कार्य प्रारंभ कराया। उन्होंने हिदायत दी कि अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्थित ढंग से रहे। यह जिम्मेदारी इंचार्ज की है अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए तथा सफाई न रखने वाले सफाई कर्मियों को भी बदला जाए।

निर्माणाधीन अस्पताल भवन का किया निरीक्षण उप मुख्यमंत्री ने सेमरिया में निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन भवन के बन जाने से चिकित्सकीय स्टाफ में वृद्धि होगी तथा चिकित्सा सुविधाएं भी और बेहतर मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, एसडीएम दृष्टि जायसवाल सहित चिकित्सक व स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## यात्रियों और बच्चों की सुरक्षा लापरवाही पर परिवहन विभाग की 57 यात्री एवं स्कूल बसों पर कार्यवाही



**रीवा** । जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। जिले में चल रही 57 बसों पर विभाग ने सख्त चालानी कार्रवाई की है, जिसमें अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) न लगाने, फर्स्ट एड बॉक्स की अनुपस्थिति और आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा मानकों का पालन न करते पाए गए हैं। यह कार्रवाई न केवल यात्री बसों बल्कि स्कूल बसों पर भी की गई, जो बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से और भी गंभीर मुद्दा उठाती है। परिवहन विभाग ने बताया की बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर विशेष जांच अभियान चलाया गया है, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हो सकता। बस संचालकों को बार-बार निर्देश दिए जा रहे है , लेकिन बस संचालको के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन उल्लंघनों के कारण अब तक कुल 57 यात्री बसों एवं स्कूल बसों पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। परिवहन विभाग ने आगे कहा कि अगले कुछ दिनों में और सख्ती बरती जाएगी। इस कार्रवाई में शामिल बसें मुख्य रूप से रीवा शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बसें है । जांच टीम ने पाया कि अधिकांश बसों में फायर एक्सटिंग्विशर की समाप्ति तिथि निकल चुकी थी या वे बिल्कुल ही अनुपस्थित थे। इसी तरह, फर्स्ट एक्सीडेंट बॉक्स में आवश्यक दवाइयां और बैंडेज की कमी पाई गई, जबकि इमरजेंसी एग्जिट के दरवाजे अवरुद्ध या अनलॉक थे। एक स्कूल बस के चालक ने बताया, हमारे पास बजट की कमी थी, लेकिन अब हम तुरंत सुधार करेंगे। रीवा के एक अभिभावक ने कहास्कूल बसों की सुरक्षा बच्चों का पहला हक है। यह कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन नियमित चेकअप जरूरी हैं। परिवहन विभाग ने सभी बस संचालकों को निर्देश जारी किए हैं कि वो सभी सुरक्षा उपकरणों को अपडेट करवाएं, वरना आगे की कार्रवाई और कठोर होगी। यह अभियान राज्य स्तर पर चलाए जा रहे है। जिसका उद्देश्य यात्रियों की जानमाल की रक्षा सुनिश्चित करना है।



## दीवाली मिलन में रंगोली, कलाकारों, हस्तियों का हुआ भव्य आयोजन में अभिनंदन

**रीवा** । हिन्दू धर्म परिषद एवं रिदम म्यूजिकल ग्रुप, ब्रहमाकुमारी कला-संस्कृति प्रभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृष्णा राजकपूर आयडोटोरियम में आयोजित भव्य गीत-संगीत-नृत्य के कलाकारों जो विषाल मंच प्रदान किया गया है वह सराहनीय है। कलाकारों के सम्मान से उस क्षेत्र की कला-संस्कृति को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होने के लिये बढ़ावा मिलता है और आज यह जरूरी काम आयोजनकर्ता कर रहे है जिसके लिये उनकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है यह सारगर्भित उदगार बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से स्व0 उमा परौहा चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 के0के0परौहा ने व्यक्त की। अध्यक्षता संजय गांधी अस्पताल के संचालक डॉ0 राहुल मिश्रा ने करते हुये कहा कि इस आयोजन में कई बाते समाहित है जिनको जोड़कर एक भव्य कार्यक्रम की परिकल्पना की गई थी जो साकार रूप में दिख रही है। बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ0 एच0पी0सिंह, डॉ0 ज्योति सिंह, विजय मोहन तिवारी, लोक गायिका शकुन्तला मिश्रा, महिला शाखा संरक्षक डॉ0 गीता शुक्ला गीत, संरक्षक जगन्नाथ साहू, कायस्थ सभा के डॉ0 गोविन्द श्रीवास्तव आदि ने इस अवसर पर दीपावली के साथ म0प्र0 स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर रिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने देर रात तक दर्शकों को अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से बांधे रखा। रिदम परिवाद द्वारा विंध्य के 151 वादक एवं गायक कलाकारों को विंध्या म्यूजिशियन आईकान एवार्ड-2025 देकर सम्मानित किया। सामूहिक दीप प्रज्जवलन, आतिशबाजी, मिष्ठान वितरण के साथ हार्षोल्लास के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

## हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा14वें अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला



रीवा।

हत्या के आरोपियों को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मनगवां थाने के हिनौती गांव का अजीत कोल 17 मई को अपना वाहन लेकर घर आया था और रात 10.30 बजे घर के बाहर बैठकर खाना खाकर रहा था। उसी समय बबन कोल पिता मुंडा कोल, कुइटा कोल पिता मुंडा कोल और शनि कोल पहुंचे और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसा न देने पर तीनों उसके साथ मारपीट करने लगे। बीचबचाव करने उसका बावा भारत कोल सहित अन्य लोग आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिसमें वावा भारत कोल गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान संजय गांधी अस्पताल में 27 मई को उसकी मौत हो गई। आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्रकरण में पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ाकर चालान न्यायालय में पेश किया था।

## शहर में सजी थी जुआ की महफिल, पुलिस ने दी दविश, छः गिरफ्तार, नगदी सहित ताश की गड्डी जब्त



**रीवा** । शहर के थाना अमहिया पुलिस ने शनिवार की रात जुआ खेलते छह आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से ताश के 52 पत्ते और 4,950 रुपये नकद बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसंगत कार्यवाही की गई है, बता दे थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि द्वारिका नगर स्थित ग्रीनलैंड गार्डन के पहले रोड किनारे बने एक मकान के ऊपरी तल पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके से छह लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान फड़ पर रखी नकदी 4,950 रुपये और ताश की एक गड्डी (52 पत्ते) जब्त की गई। मौके की वीडियोग्राफी भी कराई गई। वही मौके ये हैं पकड़े गए आरोपियों में नन्हेंलाल सोनी पिता राजा राम सोनी, उम्र 45 वर्ष, निवासी अर्जुन नगर, संजय सोंधिया पिता कुंभकरण सोंधिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी शास्त्री नगर, अमहिया,दुर्गेश लखेरा पिता दिलीप लखेरा, उम्र 21 वर्ष, निवासी फोर्ट रोड, थाना सिटी कोतवाली, भगवान दास साहू पिता रामावतार साहू, उम्र 52 वर्ष, निवासी धोबिया टंकी, साहू मोहल्ला, राजा राम साहू पिता कोंदू लाल साहू, उम्र 55 वर्ष, निवासी बाणसागर कॉलोनी, थाना सामान, राहुल सोंधिया पिता महेश सोंधिया, उम्र 29 वर्ष, निवासी अर्जुन नगर, अमहिया शामिल है। जुए में लिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ थाना अमहिया पुलिस ने धारा 13 जुआ अधिनियम का मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के साथ प्रधान आरक्षक केमला प्रजापति, आरक्षक कौशलेंद्र सिंह परिहार, आरक्षक विकास तिवारी, आरक्षक शंकर दत्त जायसवाल, आरक्षक दिवाकर तिवारी और आरक्षक विवेक सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## नगर निगम के लिपिक वीरेन्द्र सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**रीवा** । नगर निगम में पदस्थ वरिष्ठ लिपिक वीरेन्द्र सिंह को 38 वर्ष की शासकीय सेवा के उपरांत शुक्रवार को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम कार्यालय में विदाई दी गई। इस मौके पर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान उनके सराहनीय कार्यों और सहयोग का स्मरण किया। उपायुक्त एवं प्रभारी निगम आयुक्त प्रकाश द्विवेदी ने वरिष्ठ लिपिक के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह के अवसर पर कहा कि शासकीय नौकरी में बेहतर कार्य के साथ अच्छा आचरण भी जरूरी है। उन्होंने वीरेन्द्र सिंह के शासकीय सेवाकाल को अनुकरणीय बताया और कहा कि सभी कर्मचारियों को आम जनता के हित में सदैव समर्पण और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। विदाई कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण और पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान शाल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक वीरेन्द्र सिंह ने पूर्व रीवा सांसद एवं त्योंथर विधायक के निज सहायक के रूप में भी दायित्वों का निर्वहन किया है। वर्ष 1987 में शासकीय सेवा में आने के बाद नगर निगम की विभिन्न शाखाओं में अपनी सेवाएं दीं। विदाई कार्यक्रम में उपायुक्त एम.एस. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह एवं एच.के. त्रिपाठी, सहायक आयुक्त रामनरेश सिंह एवं के.एन. साकेत, सहायक यंत्री एस.के. गर्ग, अमरीश सिंह सहित अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## करीब 13 दिन बाद बादलों की ओट से निकले सूर्यदेव अब अगले एक-दो दिन में मौसम साफ होने की उम्मीद



**रीवा**। जिले में करीब 13 दिन बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए। बीती रात भी आसमान में बादल माहराते रहे। साथ में रिमझिम तो कभी फुहारे पड़ती रहीं। इधर, रविवार सुबह कुछ देर के लिए मौसम खुलता समझ आया। बादलों की ओट से सूर्यदेव निकले। गौरतलब है कि जिले में बीते 19 अक्टूबर से बादलों की आवाजाही हो रही है। उसके बाद 25 अक्टूबर से जिले में कहीं-कहीं तेज बारिश होने लगी। मौथा चक्रवात की वजह से जिलेभर में 28 अक्टूबर से तेज वर्षा होने लगी। तीन दिन जिलेभर में रिमझिम्स, फुहार और तेज बारिश का सिलसिला चलता रहा। बीते तीन दिनों की अपेक्षा शनिवार को वर्षा कम हुई, जबकि ज्यादातर समय बादल छाए रहे और हवाएं चलती रहीं। मौसम विभाग की माने तो अब अगले एक दो दिन में मौसम साफ हो सकता है।तापमान में बढ़तमौसम में इस बदलाव के चलते ठंड में भी इजाफा होने लगा है। वर्षा और बादल होने से जिले के तापमान में शनिवार को अशिक वृद्धि भी देखने को मिली। शनिवार को दिन का तापमान बीते दिन से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक 25.2 हिंसे दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान गत दिवस की अपेक्षा 0.4 डिसे बढ़त के साथ 20.5 डिसे पर रहा।ठंड में होगा इजाफामौसम विभाग की मानें तो अब एक-दो दिन में जिले का मौसम सामान्य हो सकता है। उसके बाद तेजी से ठंड बढ़ सकती है। नवंबर के पहले सप्ताह में जिले का अधिकतम और न्यूनतम तापमान तेजी से लुढ़क सकता है। साथ में धना कोहरा होने की संभावना जताई गई है।

# जमीन व परिवार के स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाएं : डिप्टी सीएम

**बसामन मामा गौवंश वन्य विहार बना प्राकृतिक खेती का शोध व प्रशिक्षण केंद्र**

**उप मुख्यमंत्री ने पाँच दिवसीय प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का किया शुभारंभ**



**रीवा** । बसामन मामा गौवंश वन्य विहार जिले का सबसे बड़ा गौ संरक्षण केंद्र है जहां हजारों की संख्या में गौवंश संरक्षित हैं। अब बसामन मामा गौवंश वन्य विहार प्राकृतिक खेती का शोध व प्रशिक्षण केंद्र भी बन गया है जहां किसान प्राकृतिक खेती के गुण सीख रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्राकृतिक खेती के संबंध में किसानों को दिए जाने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन व परिवार के स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक है। विकसित भारत व विश्वगुरु भारत का सपना तभी पूर्ण होगा जब स्वस्थ भारत होगा। उन्होंने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य बिहार की ढाई एकड़ जमीन आर्ट ऑफ लिविंग के प्राकृतिक खेती करने वाले प्रशिक्षकों को उपलब्ध कराई गई है जहां वह किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देकर उस जमीन में प्राकृतिक खेती से फसल उपजाकर किसानों को के सामने प्रस्तुत करेंगे। किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर इसे अपनाएं। शुक्ल ने कहा कि किसानों को अपने पास उपलब्ध भूमि में से कुछ भाग में प्राकृतिक खेती करनी चाहिए ताकि यह चर्चा बने कि रीवा जिले के किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ गए हैं और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में रीवा देश में अग्रणी जिला बने। शुक्ल ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में होगा जहां प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का प्रचार-प्रसार भी करें ताकि अन्य किसान भी इससे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने बताया कि मैंने स्वयं भी अपनी पैतृक भूमि के पाँच एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि रासायनिक के उपयोग से जमीन काफी कठोर हो गई है। यदि समय पर हम सचेत नहीं हुए तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। इसलिए आवश्यक है कि प्राकृतिक खेती की तरफ लौटा जाए। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग श्री श्री रविशंकर जी के संस्थान को देश में प्राकृतिक खेती के बेहतर प्रशिक्षक के तौर पर जाना जाता है। इस अवसर पर स्टेट क्वार्डिनेटर आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षण केंद्र के संजय त्रिवेदी ने किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण व लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक प्रशिक्षण में किसानों को इसके विषय में बताया जाएगा। तदुपरांत दो दिन खेत में किसानों को जानकारी दी जाएगी। मनोज शर्मा ने भी प्राकृतिक खेती के गुण व प्रशिक्षण के संबंध में बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पूर्व संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग डॉ. राजेश मिश्रा, अमित अभय रामदास जी, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. डीपी सिंह, राजेश यादव, केके गर्ग, सीईओ जनपद हरिश्चंद्र द्विवेदी, चंद्रशेखर बघेल, हिमांशु भट्ट, अक्षय , श्रीमती भारती बघेल, अम्बरीश खंडेलवाल, सहित कृषि, आत्मा परियोजना व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम सुधार समिति एवं गोफार्म समिति के सदस्य व कृषक उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज तथा संजय गांधी अस्पताल परिसर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विस्तार के लिए निर्माण कार्य तत्काल शुरू करें। निर्माण एजेंसी दो दिन में निर्माण स्थल से मलबा हटाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करें। कैंसर यूनिट का शेष कार्य भी तेजी से पूरा करायें, जिससे इसका उपयोग शुरू हो सके। निरीक्षण के समय अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल डॉक्टर अक्षय श्रीवास्तव तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मऊगंज के मुदरिया चौबान में दर्दनाक हादसा

## रास्ता में नाली खोदे जाने से एक व्यक्ति की नाली में गिरकर मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**मऊगंज**



जिले के अंतर्गत आने वाले मुदरिया चौबान गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे गांव को दहला दिया। जानकारी के अनुसार, तेज प्रताप साकेत (उम्र 55 वर्ष) की मौत रास्ता खोदे जाने से नाली में गिरने के कारण हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ दबंगों द्वारा गांव के मुख्य मार्ग को अवैध रूप से खोदकर रास्ता बंद कर दिया गया था, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, तेज प्रताप साकेत किसी कार्य से निकले थे, तभी रास्ते में खुदी नाली के किनारे फिसलकर गिर पड़े। गहरी चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारती पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। बाद में एसडीओपी, तहसीलदार और एसडीएम मऊगंज भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए ग्रामीणों को शांत कराया और घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि दबंगों की मनमानी और प्रशासन की चुप्पी ने एक निर्दोष व्यक्ति की जान ले ली। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से रास्ते खोदने और निर्माण कार्यों पर प्रशासनिक नियंत्रण क्यों नहीं है। यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देते, तो शायद तेज प्रताप साकेत की जान बचाई जा सकती थी।

**ग्रामीणों में गुस्सा, कई बार शिकायत होने के बावजूद प्रशासन मौन**

## सीतापुर मे मंदिर परिसर में बढ़ता अतिक्रमण बन रहा विवाद का कारण



**मऊगंज:** जिले के ग्राम पंचायत सीतापुर का प्रसिद्ध मंदिर, जो कभी श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक था, आज अवैध कब्जों की जकड़ में आ चुका है। इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर के चारों ओर फैली सरकारी भूमि पर धीरे-धीरे दुकानों, ठेलों और यहां तक कि पक्के निर्माणों ने कब्जा जमा लिया है। मंदिर से जुड़ी यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित मानी जाती है, परंतु अब यह आस्था नहीं, बल्कि अतिक्रमण का केंद्र बनती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर परिसर के चारों ओर की जमीन PWD विभाग की है, जो वर्षों से धार्मिक आयोजनों, भंडारों, सत्संगों, विवाह समारोहों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग की जाती रही है। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि मंदिर के चारों ओर ठेले, सब्जी मंडी, होटल और चाय-पान की दुकानें स्थायी रूप से लग गई हैं। कुछ स्थानों पर तो लोगों ने पक्के मकान भी बना लिए हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि यह वही स्थान है जहां हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव, भंडारा जैसी बड़ी धार्मिक गतिविधियां होती थीं। अब वहां श्रद्धालुओं के लिए बैठने की भी जगह नहीं बची। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि "जहां पहले भक्ति गीतों की धुन गूंजती थी, आज वहां गैस चूल्हों और अंडे-मुर्गी के ठेलों का धुआं उठता है।" ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। कई बार इस विषय को अखबारों और प्रशासनिक मंचों पर उठाया गया, पर हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल को भी ग्रामीणों ने इस संबंध में ज्ञापन दिया था। विधायक ने तत्कालीन अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पूर्व में नायब तहसीलदार द्वारा कुछ अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे, मगर उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मंदिर के प्रति आस्था रखने वाले ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन की यह लापरवाही न केवल सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक सौहार्द पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही है।ग्राम पंचायत सीतापुर के सरपंच मोहम्मद शब्बीर और सचिव उमेश शुक्ला ने भी इस विषय में संबंधित विभागों को लिखित शिकायत भेजी थी। उन्होंने कहा कि यह जगह धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रशासन की चुप्पी से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को जब आवेदन दिया गया था, उन्होंने तुरंत स्थल निरीक्षण करने का आदेश दिया था और कहा था कि परिसर को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद यह विषय धीरे-धीरे फाइलों में दब गया और आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने वर्तमान कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन से गुहार लगाई है कि इस मंदिर परिसर को जल्द से जल्द अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। साथ ही यहाँ स्थायी रूप से साफ-सफाई और धार्मिक आयोजनों के लिए स्थान को सुरक्षित किया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यह केवल मंदिर की भूमि नहीं, बल्कि समाज की आस्था, संस्कृति और सार्वजनिक हित से जुड़ा विषय है।

### ग्रामीणों ने कहा —

"हम किसी धर्म या व्यक्ति के खिलाफ नहीं हैं। हमारी बस यही मांग है कि मंदिर परिसर को बाजार नहीं बनने दिया जाए। यह हमारी संस्कृति की पहचान है, और इसे बचाना हमारा कर्तव्य है।" लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस बार अपनी चुप्पी तोड़ेगा और मंदिर परिसर की पवित्रता को बचाने के लिए कदम उठाएगा, या यह मामला भी अन्य कई मामलों की तरह सरकारी फाइलों में खो जाएगा।